कार्यालय–सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

विज्ञप्ति

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा INSPIRE (Innovation in Science Pursuit for Inspired Research) योजना के अन्तर्गत् Scholarship for Higher Education (SHE) हेतु मान्यता प्राप्त कालेज एवं विश्वविद्यालय में B.Sc., B.Sc. (Hons), Four years B.S. तथा Five years Integrated M.Sc./M.S. programme में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विज्ञान एवं तकनीकी अनुभाग द्वारा इस छात्रवृत्ति के लिए अर्ह विद्यार्थियों का चयन इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा 2013 में सम्मिलित Top–01 प्रतिशत उत्तीर्ण विज्ञान विषय के परीक्षार्थियों में से किया जाना है। ऐसे विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति हेतु चयनित कर लिये जाते हैं तो उन्हें प्रतिवर्ष रु0 80,000=00 (रु0 अस्सी हजार) मात्र की छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा हेतु पांच वर्षो तक प्रदान की जायेगी।

उपरोक्त छात्रवृत्ति योजना हेतु अर्ह विद्यार्थियों को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा कक्षा–12 के अंक पत्र के साथ एक मैरिट प्रमाण पत्र पृथक से प्रदान किया गया है। वर्ष–2013 में Top–01 प्रतिशत विद्यार्थियों में वे विद्यार्थी शामिल हैं, जिनका प्राप्तांक प्रतिशत 72.60 या इससे अधिक है। यदि सन्निरीक्षा के उपरान्त् विद्यार्थी का कुल प्राप्तांक 72.60 प्रतिशत या इससे अधिक हो जाता है तो ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं। परिषदीय परीक्षा–2013 की इण्टरमीडिएट परीक्षा में 72.60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को यदि मैरिट प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है तो वे भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। जो विद्यार्थी उक्त छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे छात्रवृत्ति सम्बन्धी अन्य जानकारियां वेबसाईट http://www.online-inspire.gov.in एवं www.inspire-dst.gov.in से प्राप्त करें। आवेदन करने हेतु प्रमुख बिंदु निम्नवत् हैं :–

1. ऑनलाईन आवेदन 06 अगस्त, 2013 से 30 नवम्बर, 2013 तक किया जा सकता है।
2. ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् इण्टरनेट से प्रिंट आउट लेना अनिवार्य है।
3. उक्त प्रिंट आउट तथा ऑफ लाईन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करते हुए केवल साधारण डाक से निम्न पते पर प्रेषित करें।
   The Director, National Institute of Science, Technology & Development Studies (NISTADS), Dr. K.S. Krishnan Marg, New Delhi-110012
4. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर Application for INSPIRE Scholarship for 2013 लिखना अनिवार्य है। आवेदन पत्र का उपरोक्त पते पर दिनांक 09.12.2013 तक पहुंचना अनिवार्य है।

पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय, रामनगर (नैनीताल) को कदापि प्रेषित न करें। इस छात्रवृत्ति से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ परिषद् की वेबसाईट www.ubse.uk.gov.in पर लॉग इन करें।

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।